

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 92 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 29 जुलाई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# हरवेंद्र बघेल को उपकृत करने वन विभाग ने कर दिया ऐलान

## शिकायतकर्त्ता ने कहा हार नहीं मानूंगा, न्याय के लिये अंतिम समय तक लड़ूंगा



सिवनी यशो:- सिवनी दक्षिण वन मंडल के विवादित उप वन परिक्षेत्र अधिकारी हरवेंद बघेल की गलत तरीको से हुई पदोन्नति और जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य विषयों को लेकर शिकायते हुई है और इन शिकायतो की पूर्व हुई जांच में या तथ्य सामने आये यह शिकायत कर्त्ता को नहीं बताये गये तथा शिकायत कर्त्ता की शिकायत पर दुबारा विभागीय जाँच करायी जा रही है परंतु शिकायत कर्त्ता को जाँच से संबंधित तथ्यों से अवगत नहीं कराया जा रहा है और विभागीय उच्चाधिकाारी हरवेंद्र बघेल को उपकृत करने के लिये नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहे है। शिकायत कर्त्ता सेवा निवृत वनपाल अलप सिंह सनोडिया ने कहा है कि हरवेंद्र बघेल को उपकृत करते हुये अधिकारी दूसरे कर्मचारियों के हको और अधिकारों पर अतिक्रमण कर रहे है विभागीय जाँच के नाम पर उसे लंबे समय से बहलाया जा रहा है और अधिकारी हरवेंद्र बघेल को गलत तरीके से फर्जी प्रमाण के आधार उप वनपरिक्षेत्र अधिकारी पद पर पदोन्नत करने के साथ ही उसे वन परिक्षेत्र अधिकारी का प्रभार सहित अन्य अधिकार देकर अपनी मनमानी करते है। शिकायत कर्त्ता सनोडिया का कहना है कि मैं अपने स मान की लड़ाई अंतिम स्तर लड़ूंगा और न्याय प्राप्त होने की वन विभाग अधिकारियों से उ मीद नहीं है अब न्यायालय के माध्यम से हरवेंद बघेल ही नहीं उसे उपकृत करने वाले और जाँच रिपोर्ट को दबाने वाले, फर्जीवाड़ा करने वालों के विरूद्ध कानूनी लड़ाई लड़ूंगा।

जानकारी के अनुसार शिकायत कर्त्ता अलप सिंह सनोडिया इसलिये और अधिक परेशान हो गये है कि वे विभागीय अधिकारियों से न्याय की उ मीद करते करते सेवा निवृत्त भी हो गये परंतु न्याय की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई परंतु गलत तरीके से पदोन्नति पाने वाले के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है और इसकी जाँच भी की जा चुकी है।

शिकायत कर्त्ता अलप सिंह सनोडिया का आरोप है कि हरवेंद्र सिह बघेल ने फर्जी जाति प्रमाण लगाकर पदोन्नति पायी है और वरियता क्रम में तथ्यों को गुमराह कर प्रस्तुत किये गये है। शिकायतकर्त्ता सनोडिया का कहना है कि हरवेंद्र सिंह बघेल की मेरे द्वारा की गयी शिकायतो की जाँच चल रही है और इसके पूर्व भी जाँच की गयी जिसमें मुझे मौखिक रूप से बताया गया था कि हरवेंद्र बघेल की पदोन्नति के संबंध में जिन बिंदुओं पर शिकायत की गयी थी वे सत्य है और जाँच रिपोर्ट पर काय्रवही के लिये वरिष्ठ अधिकारियों को जाँच रिपोर्ट का परिक्षण कर कार्यवाही के लिये अग्रेषित किया गया है परंतु कार्यवाही तो हो नहीं रही उल्टे अधिकारी गलत तरीक से उप वनपरिक्षेत्र अधिकारी बने हरवेंद्र को वन परिक्षेत्र अधिकारी पद का प्रभार सहित अन्य ऐसे प्रभावशाली प्रभार देकर उपकृत करते है जिसका वह अधिकारी नहीं है।

जानकारी के अनुसार हरवेंद्र बघेल वन परिक्षेत्र अधिकारी के प्रभार के बिना झटपटाता घूमा रहा है। अभी तक वह कुर परिक्षेत्र के प्रभार में था परंतु वहाँ वन परिक्षेत्र अधिकारी के आ जाने से वह सिवनी मु यालय के वन परिक्षेत्र का प्रभार के लिये अधिकारियों की खुशामद पिछले कुछ दिनों से कर रहा है जिसके लिये उसने पूरा जोर लगा लिया है और जानकारी के अनुसार सिवनी वन परिक्षेत्र में अधिकार संपन्न वन परिक्षेत्र अधिकारी के होते हुये हरवेन्द्र बघेल की जिद के कारण फुल फिलेस वन परिक्षेत्र अधिकारी से प्रभार लेकर सिवनी वन परिक्षेत्र का प्रभार हरवेंद्र बघेल को देने की पूरी तैयारी कर ली गयी है।

यहाँ बतादें कि हरवेंद्र बघेल को अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त हुई थी और यह नियुक्ति उन्हें सामान्य वर्ग से प्राप्त हुई थी। हरवेंद्र बघेल को नियम विरूद्ध तरीके से मिली पदोन्नति पर आपत्ति जताते हुये शिकायते हुई और उन शिकायतो की जाँच में भी हरवेंद्र बघेल को मिली पदोन्नति को नियमों के विरूद्ध बताया गया है और इसी प्रकार की शिकायतो की जाँच अभी दोबारा चल भी रही है। जानकारी के अनुसार हरवेंद्र बघेल ने सेवा के कुछ वर्षो के पश्चात अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र लगाया गया है और वह प्रमाण पत्र भी उन्हें शासकीय सेवा के लिये प्राप्त नहीं हुआ है प्रमाण शिक्षा के लिये प्राप्त हुआ था शासन द्वारा इस प्रकार के प्रमाण जारी करते समय प्रमाण पत्र देते हुये उद्दंश्य का उल्लेख किया जाता है और शासकीय सेवा के लिये जारी होने वाला जाति प्रमाण स्थाई होता है।

इसी प्रकार हरवेंद्र बघेल की नियुक्ति वन रक्षक के रूप में छिंदवाड़ा में हुई थी इनके द्वारा कुछ समय परासिया में सेवाएँ दी गयी इसके पश्चात इनहोंने अपना स्थानांतरण स्वयं के व्यय पर सिवनी कराया बताते है कि स्वयं के व्यय पर स्थानांतरण कराने पर नियमानुसार सीनियारटी का लाभ नहीं मिलता परंतु हरवेंद्र बघेल ने सी सी एफ आफिस में पदस्थ पदस्थापना लिपिक के माध्यम से अपनी सेवा पुस्तिका में बदलाव कराते हुये तथा पदोन्नति समिति को गुमराह करते हुये पदोन्नति का लाभ लिया और इसी प्रकार उन्हे दूसरी पदोन्नति भी प्राप्त हुई।

हरवेंद्र बघेल को मिली पदोन्नति के पश्चात उसके समकक्ष तथा सीनियर कर्मचारियों में असंतोष उत्पन्न स्वाभाविक था। अलप सिंह सनोडिया ने हुई अंधेरगर्दी की अनेक बिंदुओं पर शिकायत की जिसकी जाँच तत्कालीन विभागीय एस डी ओ द्वारा की गयी। जिसमें बताया जाता है कि अलप सिंह सनोडिया की शिकायत सही पायी गयी परंतु उस जाँच पर कोई कार्यवाही नहीं हुई और इसी प्रकार की पुनः शिकायत पर अब फिर एस डी ओ पटेल जाँच कर रहे है उन्होंने इस बात की पुष्टि भी की है कि उनके द्वारा जाँच की जा रही है।

जिस कर्मचारी की जाँच चल रही है उस कर्मचारी पर विभागीय उच्चाधिकारी की मेहरबानियाँ समझ से परे है। बताते है कि हरवेंद्र बघेल सहायक बन परिक्षेत्र अधिकारी है और करोडों रूपये के काम करा रहा है और वरिष्ठ अधिकारी वन परिक्षेत्र अधिकारी को कामो अलग रखा गया है। इतना ही नहीं हरवेंद्र बधेल को परिक्षेत्र अधिकारी का प्रभार देने के लिये पदस्थ परिक्षेत्र अधिकारी को हटाने की भूमिका भी तैयार कर ली गयी है। यह बात समझ से परे है कि आखिर हरवेंद्र बघेल को उपकृत करने के लिये वरिष्ठ अधिकारी इस प्रकार से मजबूर `यों है।

## वृक्षारोपण क्षेत्र में चरा रहे थे मवेशी, वन अमले की कार्यवाही

सिवनी यशो:- सिवनी जिले के छपारा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत कक्ष क्र. आरएफ 1078 में स्थित झिलमिली वृक्षारोपण क्षेत्र में कुछ लोग मवेशियों को चरा रहे थे। मवेशियों के कारण यहां कई पौधे नष्ट हो रहे थे। पौधरोपण के पौधे भी मवेशी खा रहे थे। जानकारी मिलने के बाद वनपरिक्षेत्र अधिकारी शरद सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया।

टीम मौके पर पहुंची और वहां चराई करा रहे दयाराम पिता कु मा चंद्रवंशी निवासी पायलीखुर्द और रामसिंह पिता साहबलाल चंद्रवंशी निवासी पायलीखुर्द को पकड़ा। वन विभाग की टीम को देखकर वहां से रामसिंह यादव, धनाराम यादव और अशोक चंद्रवंशी फरार हो गए।

वनविभाग की टीम ने चराई करते हुए 21 मवेशी भी जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया। इस कार्रवाई में संजय कुमार जायसवाल परिक्षेत्र सहा छपारा, राजेश कुमार बघेल, मनीष चौधरी, शाकिर अब्बास, चंद्रविनय सिंह, ममता भारती वनरक्षक और सुरेश बरमैया, शिवनाथ राजपूत स्थाई कर्मी मौजूद रहे।

# राजा दलपत शाह की प्रतिमा स्थापना को गरिमामय बनाने विधायक पहुँच रहे गांव गांव

**-देवी मंदिर में दर्शन व पूजन उपरांत यात्रा प्रारंभ की गयी**
**- जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 4.16 करोड़ के कार्यो का किया भूमिपूजन**



सिवनी यशो:- शुक्रवार, 28 जुलाई को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा क्षेत्रांतर्गत निकाली जा रही विधानसभा रथ यात्रा के क्रम में चौथे दिवस भी जारी रहा। जहां पर जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत विभिन्न ग्रामों मे लगभग 4.16 करोड की लागत से किये जाने वाले के कार्यो का भूमिपूजन किया। ज्ञात होवे कि विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा सिवनी नगर की ऐतिहासिक धरोहर दलसागर तालाब के टापू पर आदिवासी गौरव राजा दलपत शाह जी की आदमकद प्रतिमा स्थापित कराई जा रही है। तथा प्रतिमा स्थल पर देवस्थानों से एकत्र की गयी पवित्र मिट्टी रखी जाएगी। जिस हेतु श्री राय द्वारा क्षेत्रांतर्गत विधानसभा रथ यात्रा निकाल पवित्र मिट्टी एकत्र की जा रही है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रातः 09:30 बजे विधायक श्री राय ने ग्राम देवरीकलां के देवी मंदिर में दर्शन व विधिवत पूजन उपरांत यात्रा प्रारंभ कर भाजपा मंडल चमारी के ग्राम पहाडी, दरबई, खैररांजी, बे सी, नवलगांव, गुंदरई, केकड़ा, धुंधीटोला, करेली, छिन्दग्वाह, पौण्डी, पिपरिया, तिलबोडी, डांगावानी, झिरी, लाठगांव, ढोडा, सर्रा, भरगा, बड़पानी, तेंदनी, कमली, इमलिया, कचनरा, मानोगढ़, मड़वा, सालीवाडा, सिरकापार, जुबान, खमरिया, नांदियाखुर्द, नांदियाकला, चमारीखुर्द, चमारीकला, बंजर, इमलीपठार, सुकराटोला, ऊटेकटा, सुखा रैयत, नयेगांव, मुण्डरई आदि ग्रामो मे पहुंचकर देवठानों व देवभूमि से कलश मे पवित्र मिट्टी एकत्र किया। संपूर्ण रथ यात्रा के दौरान ग्रामीणों जनों द्वारा गांव-गांव मे विधायक श्री राय सहित विधानसभा रथ यात्रा का फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत कर कलश मे देवस्थानों की पवित्र मिट्टी डाली गयी। इस दौरान विधायक श्री राय ने ग्रामीणों की गरिमामय उपस्थिति मे जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम ढोडा में 43.40 लाख, सर्रा 48.78 लाख, बडपानी 54.90 लाख, तेंदनी 71.90 लाख, कमली 49.29 लाख, मढवा सोठावाडी 44.12 लाख, इमलीपठार 52.95 लाख एवं ग्राम ऊंटेकटा में 51.16 लाख की लागत से निर्मित की जाने वाले कार्यों का भूमिपूजन किया गय

शेष समाचार पृष्ठ 3 पर

## 31 जुलाई को होंगे अनेक शिक्षक सेवानिवृत्त

सिवनी यशो:- पुण्य भूमि भारत में शिक्षक डॉ. राधाकृष्णन जी को राष्ट्रपति पद पर प्रतिष्ठित किया, और राष्ट्रपति डॉ. कलाम साहब ने सेवा निवृत्ति के बाद शिक्षक बनने का संकल्प ले निभाया तथा शिवाजी राजे ने गुरुभक्ति में सहर्ष अपना राज्य गुरुचरणों में अर्जित किया। शिक्षक (गुरु) स मानों के गौरवशाली आदर्शों को पुष्पित-पल्लवित करने वाली भारतीय संस्कृति की भूमि पर शिक्षकीय कार्य को जीविका का साधन बनाने वाले सरस्वती जी के उपासक राष्ट्र निर्माता कर्मयोग शिक्षक जो दिनांक 31 जुलाई 2023 को सिवनी जिले के शालेय शिक्षा एवं जनजाति विभाग की शालाओं से सेवा निवृत्त हो शिक्षक वृंद सहायक शिक्षक अनीता पवार(तिलक सिवनी) रमेश कुमार गजभिये(बरघाट) श्रीराम साहू(बरघाट), प्रहलाद सिंह हनवत(गंगेरुआ). जामसिंह मेघ, उ.मा.शि.(कान्हीवाड़ा), रुकमणी तिवारी, प्रा.शि.(लोनिया), ओमप्रकाश तिवारी(कान्हीवाड़ा), दादूराम पंचेश्वर (कातलबोड़ी). रामदयाल बाहेश्वर (मोहबर्रा) घनश्याम डेहरवाल(पीपरडाही) सुनील कुमार उपाध्याय (बंडोल) गंगाराम धुर्वे, उ.श्रे.शि.(बीसावाड़ी) सुरेश कुमार मिश्र(खामी) मंजूषा गर्गे (महात्मा गांधी सिवनी) अन्नीलाल कुमरे, उ.श्रे.शि.(रावठान) कुंती देवी राय, प्र.पा.(मोहगांव कुरई) द्रोपती शिवहरे (घन्सौर) को सेवानिवृत्ति के पुनीत पर्व पर हार्दिक प्रसन्नता से सस मान अभिनंदन करते हुये जिला शिक्षक कल्याण सहकारी समिति सिवनी, जिला सिवनी उनके सुखी समृद्धशाली एवं यशस्वी दीर्घ जीवन की कामना करती है।

## रेलवे क्रॉसिंग के पास मिली अज्ञात लाश

सिवनी यशो:- सिवनी के छिंदवाड़ा रेलवे क्रॉसिंग के समीप पटरियों के बीच एक व्यक्ति की क्षत-विक्षत अवस्था में लाश मिली है। वहां से आने जाने वाले लोगों ने जब शव को देखा तो। उसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। जिसके बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

वहीं संभावना जताई जा रही है कि ट्रेन से कट कर व्यक्ति की मौत हुई होगी। फिलहाल व्यक्ति की शिना त नहीं हो पाई है। जिसके लिए आसपास के थानों में इसकी जानकारी दी गई है।

# जन्म से कोई भी व्यक्ति छोटा या बड़ा नही होता, व्यक्ति के कर्म ही व्यक्ति को बड़ा बनाते हैं- राकेश पाल



सिवनी यशो:- संत शिरोमणि रविदास जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनके समरसता के संदेश को प्रसारित करने के उद्देश्य से प्रदेश में समरसता यात्रा आयोजित की जा रही हैं। विगत दिवस जिलें में पहुँची समरसता यात्रा शुक्रवार को ग्राम पलारी से प्रारंभ होकर कुडारी, होती हुई धनौरा पहुँची। यात्रा की अगवानी विधायक राकेश पाल ने की, उन्होंने यात्रा प्रभारी प्रवीण मेश्राम, वेदसिंह ठाकुर, पूर्व विधायक डालसिंग मर्सकोले, धनौरा सरपंच दिनेश कुर्वेती, नवल श्रीवास्तव, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ संत शिरोमणि रविदास मंदिर में रविदास जी की प्रतिमा तथा चरण पादुका का पूजन अर्चन किया।

विधायक श्री पाल ने जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि जन्म से कोई भी व्यक्ति छोटा या बड़ा नही होता, व्यक्ति के कर्म और धर्म ही व्यक्ति को बड़ा बनाते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को संत शिरोमणि रविदास जी के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिये, जैसे उन्होंने नीचे कुल में जन्म लेकर भी अपने ज्ञान एवं कर्म के बल पर तात्कालीन समय के राजाओं से भी उच्च स्थान प्राप्त किया था। विधायक श्री पाल ने कहा कि संत रविदास जी के आदर्शो को अपनाकर ही आज पूरा भारत एकता के सूत्र में बंधा हुआ हैं। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक अनेकों जातियां, भाषाएं तथा वर्ग होते हुए भी सभी मे समरसता का भाव व्याप्त हैं। श्री पाल ने संत रविदास मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 5 लाख रुपये की राशि अपनी विधायक निधि से देने की घोषणा की।

### ग्राम में प्रवेश के दौरान यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

ग्रामीणों ने चरण पादुका की पूजन अर्चन कर भेंट की जल एवं मिट्टी संत शिरोमणि रविदास जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज में समरसता के संदेश को फैलाने निकली समरसता यात्रा विधानसभा केवलारी के ग्राम कुडारी, धनौरा के उपरांत लखनादौन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कहानी, रैहलोन, धूमा, घूरवाड़ा, सनाईडोंगरी तथा लखनादौन पहुंची। जहाँ जगह- जगह स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा कलश एवं पुष्प वर्षा से समरसता यात्रा की अगवानी कर चरण पादुका की पूजा अर्चन की गई एवं संत रविदास जी के अनमोल वाचनों का वाचन किया गया। सागर में बनने वाले संत रविदास जी के भव्य मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों द्वारा मिट्टी एवं जल भेंट किया गया।

### शनिवार को इन स्थानों में पहुचेगी यात्रा

29 जुलाई को यात्रा पुन~ ग्राम गनेशगंज से प्रारंभ होकर छपारा, बण्डोल, सोनाडोंगरी एवं सिवनी पहुंचेगी, जहां नगरीय क्षेत्र के अ बेडकर वार्ड में संवाद कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ ही रात्रि विश्राम करेगी एवं 30 जुलाई को यात्रा प्रात~ 9 बजे लखनवाड़ा, कारीरात, मातृधाम एवं फुलारा से होती हुई छिंदवाड़ा जिले में प्रवेश करेगी।




# समरसता यात्रा का पलारी तिराहा में हुआ भव्य स्वागत



सिवनी / केवलारी यशोः-संत शिरोमणि रविदास जी की रथ यात्रा सिवनी जिले के बरघाट से केवलारी विधानसभा पहुंची जहां पलारी तिराहा मे कार्यक्रम के उपरात रात्री विश्राम किया गया बड़ी सं या में ग्रामवासियो, जन अभियान परिषद की नवांकुर समिति प्रस्फूटन समिति ने इस यात्रा का शानदार स्वागत किया। ईस यात्रा को प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर चरण पादुका पूजन के साथ सिंगरौली से रवाना किया था। इसके साथ प्रदेश में चार यात्राएँ एक साथ रवाना हुई है। बालाघाट से प्रारंभ समरसता यात्रा का तीसरा दिन सिवनी जिले के केवलारी जनपद में पलारी तिराहा खेरा, मेरा, देवघाट, मजगवां होते हुये धनौरा पहुंची जहा कार्यक्रम ओपरात भोजन किया गया। यात्रा का सभी ग्रामो मे गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

केवलारी विधानसभा में यात्रा का स्वागत करते हुये जन प्रतिनीधियो व अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे और कहा कि संत शिरोमणी के विचारों के अनुरूप भाजपा देश और प्रदेश में समरस समाज और समृद्धशाली समाज का निर्माण करने की दिशा में अग्रसर है। अध्यक्ष आलोक दुबे भाजपा जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर उपाध्यक्ष श्री राम ठाकुर अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष आशीष माना ठाकुर केवलारी जनपद अध्यक्ष रणजीत सिंह ठाकुर, डॉ प्रमोद राय जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सौरभ शु ला ब्लॉक समन्वयक अशोक बेंद्रे मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार ठाकुर सचिन अवधिया सहित विभागों के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं जन अभियान परिषद के प्रस्फूटन समिति नवाकुर समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विदेशी संस्थागत निवेशकों का भारतीय स्टॉक (पूंजी) बाजार में बढ़ रहा है निवेश

प्रहलाद सबनानी

किसी भी देश के लिए स्टॉक (पूंजी) बाजार में हो रहा उतार चढ़ाव उस देश की अर्थव्यवस्था में भविष्य में होने वाले परिवर्तनों को दर्शाता है। यदि स्टॉक बाजार में तेजी दिखाई देती हैतो इसका आशय सामान्यतःयह लगाया जाता है कि उस देश की अर्थव्यवस्था में सुधार दृष्टिगोचर है। इसके विपरीत यदि स्टॉक बाजार नीचे की ओर जाता दिखाई देता है तो इसका आशय यह लगाया जाता है कि निकट भविष्य में उस देश की अर्थव्यवस्था में कुछ समस्याएं आने वाली हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था में आज लगभग किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है, जिसके चलते भारत का स्टॉक बाजार नित नई ऊंचाईयां हासिल करता दिखाई दे रहा है। इसके ठीक विपरीत अमेरिका, चीन, रूस, जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, आदि जैसे लगभग सभी विकसित देशों में आज आर्थिक समस्याओं का अंबार लगा है। मुद्रा स्फीति की समस्या को तो कई विकसित देश अभी भी स हाल नहीं पाए हैं। विदेशी निवेशक संस्थानों का भरोसा इसी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था पर वापिस बहाल हुआ है और औसतन प्रतिदिन 100 करोड़ रुपए के शेयर विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय स्टॉक बाजार में खरीद रहे हैं।

वर्ष 2014 के बाद से भारतीय स्टॉक बाजार ने जो र तार पकड़ी हैं, वह भारतीय स्टॉक बाजार के इतिहास में पहले कभी भी नहीं रही है। 7 अप्रैल 2014 को भारत में सेन्से स 22,343 अंकों पर था, जो 26 मई 2014 को 24,700 के आंकड़े को पार कर गया। वर्ष 2019 में चुनावी बिगुल बजने से पहले 10 अप्रेल 2019 को सेन्से स 38,600 अंकों पर पहुंचा।

मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में स्टॉक बाजार ने लगभग 73 प्रतिशत यानी 16,250 अंको से ज्यादा की छलांग लगाई। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी पर नियंत्रण स्थापित करते हुए भारत ने पूरी दुनिया के पटल पर सफलता की एक कहानी लिखी। वर्ष 2020 में भारतीय स्टॉक बाजार ने दुनिया के बाजारों के मुकाबले निवेशकों को 15 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न प्रदान किया। मौजूदा समय में भारत में सेन्से स 65,000 के पार पहुंच गया है।

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में सेन्से स ने 66 प्रतिशत यानी 25,500 अंकों की तेजी दिखाई है। ब बई स्टॉक ऐ स्चेंज का मार्केट केप 7 अप्रैल 2014 को 74.51 लाख करोड़ रुपए था, जो वर्तमान में बढ़कर 294.11 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच चुका है। इस प्रकार, इस दौरान निवेशकों की झोली में 219.59 लाख करोड़ रुपए आ चुके हैं। भारत में पिछले 40 दिनों में



सेन्से स ने लगभग 1800 अंकों की छलांग लगाई है।

भारतीय स्टॉक बाजार में वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के दौरान विदेशी निवेशकों की अहम भूमिका रही है। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 4,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश भारतीय स्टॉक बाजार में किया है। अप्रैल 2023 से जुलाई 2023 तक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 1500-1600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश भारतीय स्टॉक बाजार में किया है। जो विदेशी संस्थागत निवेशक जनवरी-फरवरी 2023 में भारतीय क पनियों के शेयर बेचकर चीन की क पनियों के शेयर खरीद रहे थे परंतु अब मार्च-अप्रेल 2023 के बाद से पुनः वे भारतीय क पनियों के शेयर खरीदने लगे हैं। पिछले 9 वर्षों में से केवल 2 वर्ष ही ऐसे रहे हैं जिनमे विदेशी संस्थागत निवेशकों का भारतीय स्टॉक बाजार में शुद्ध रूप से निवेश ऋणात्मक रहा है।

विदेशी संस्थागत निवेशक आज भारतीय स्टॉक बाजार की ओर इतना अधिक आकर्षित यों हो रहे हैं। एक तो भारतीय स्टॉक बाजार ने अपने निवेशकों को बहुत अधिक रिटर्न प्रदान किए हैं। जब हम इस रिटर्न की तुलना अन्य देशों के पूंजी बाजार से करते हैं तो ध्यान में आता है कि विश्व के अन्य कई देशों के स्टॉक बाजार में निवेश पर लगभग 8-9 प्रतिशत का रिटर्न मिलता है, जबकि भारतीय स्टॉक बाजार में निवेश पर लगभग 15-16 प्रतिशत का रिटर्न मिलता है। इसी प्रकार, अमेरिका में बांड्ज में निवेश पर केवल 2-3 प्रतिशत अथवा अधिकतम 5 प्रतिशत का रिटर्न मिलता है और भारत में बैंक में सावधि जमाराशि पर लगभग 6 प्रतिशत का रिटर्न मिलता है, ऋण, कामर्शियल पेपर, बांड्ज आदि पर भी लगभग 6 से 7.5 प्रतिशत तक रिटर्न मिलता है।

सोने के निवेश पर भी रिटर्न लगभग 7 से 8 प्रतिशत का ही रहता है, और रियल इस्टेट में निवेश पर लगभग 9 से 11 प्रतिशत तक का रिटर्न मिलता है। जबकि भारतीय स्टॉक बाजार में वर्ष 1980 में सेन्से स 100 अंकों पर था जो आज 67,000 अंकों पर आ गया है। अतः स्टॉक बाजार ने प्रतिवर्ष औसत 16 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर से अधिक की रिटर्न निवेशकों को दिलाई है। ल बी अवधि में सामान्यतः केवल स्टॉक बाजार ही मुद्रा स्फीति से अधिक की वृद्धि दर देता आया है।

दूसरे, पिछले लगभग 10 वर्षों के दौरान भारत की आर्थिक वृद्धि दर में अतुलनीय सुधार हुआ है। हाल ही के वर्षों में भारत में बुनियादी ढांचा को विकसित करने में बहुत अधिक काम स पन्न हुआ है और अब भारतीय बुनियादी ढांचा विकसित देशों के बुनियादी ढांचे से टक्कर लेता दिखाई दे रहा है। इसी प्रकार के प्रयास अब विनिर्माण क्षेत्र को विकसित करने के लिए भी किए जा रहे हैं। ऑटो उद्योग के लिए 'चिप' निर्माण करने वाली इकाईयों को अब भारत में ही स्थापित किया जा रहा है, जबकि अभी तक भारत में चिप का आयात किया जा रहा था। सुरक्षा के क्षेत्र में भी विभिन्न उत्पादों का आयात किया जाता था परंतु अब भारत में ही विनिर्माण इकाईयों की स्थापना की जा रही हैं और भारत इस क्षेत्र में आत्म निर्भर बनता जा रहा है। मोबाइल विनिर्माण इकाईयों की स्थापना भारत में हुई है, भारतीय ऑटो उद्योग तो अब विश्व में न बर एक उद्योग बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। विश्व की कई बड़ी बड़ी बहुराष्ट्रीय क पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयां भारत में स्थापित करती जा रही हैं।

कई देशों के साथ भारत के मु त व्यापार समझौते स पन्न हो रहे हैं तथा कुछ देशों के साथ विदेशी व्यापार भी भारतीय रुपए में स पन्न किया जाने लगा है, जिससे अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम हो रही है। रूस, ईरान, श्रीलंका, बांग्लादेश आदि कई देशों के साथ रुपए में विदेशी व्यापार प्रार भ हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की कीमत बढ़ रही है। इससे भारत में विदेशी निवेश के लिए माहौल बन रहा है। साथ ही इस सबका प्रभाव यह हो रहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब प्रतिवर्ष 7 प्रतिशत से अधिक की दर से आगे बढ़ रही है और आगे आने वाली कई दशाब्दियों तक भारतीय अर्थव्यवस्था में इसी प्रकार की तेजी बने रहने की अपार स भावनाएं मौजूद हैं। स्टॉक बाजार देश की अर्थव्यस्था का आईना रहता है। भारत में स्टॉक बाजार के तेज गति से बढ़ने का आश्य भी यही है कि भविष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर आकर्षक बनी रहेगी।

आगे आने वाले समय में भारतीय स्टॉक बाजार में वृद्धि दर और भी तेज होने की स भावना इसलिए भी बलवती होती जा रही है योंकि आज भी भारतीय स्टॉक बाजार में खुदरा निवेशकों की पैंठ बहुत कम है। 140 करोड़ से अधिक की जनसं या वाले देश में केवल 14 करोड़ डीमेट खाते खोले जा सके हैं। कोरोना खंडकाल से पहिले भारत में डीमेट खातों की सं या केवल 4 करोड़ के आसपास थी और कोरोना खंडकाल के दौरान लगभग 7-8 करोड़ नए डीमेट खाते खोले गए हैं। हालांकि अब खुदरा निवेशकों का रुझान तेजी से स्टॉक बाजार की ओर बढ़ रहा है। डिपोजिटरी आंकड़ों के अनुसार खुदरा घरेलू निवेशकों ने भारतीय स्टॉक बाजार में 7 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है।

एक और महत्वपूर्ण कारण जिसके चलते भारतीय स्टॉक बाजार में तेजी बरकरार रहने की स भावना है वह है भारत में जीओ पालिटिकल टेंशन तुलनात्मक रूप से कम है, जबकि अन्य देशों के आपसी स बंध बहुत अच्छे नहीं कहे जा सकते हैं। यूरोपीय देश आपस में लड़ रहे हैं तो इधर रूस एवं यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है। चीन के भी अपने पड़ौसी देशों से स बंध बहुत अच्छे नहीं हैं। साथ ही, भारत में राजनैतिक स्थिरता है, विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था भारत में ही मानी जाती है।

भारतीय राज्य भी अब आर्थिक विकास के मामले में आपस में प्रतिस्पर्धा करते नजर आ रहे हैं। पहिले केवल गुजरात राज्य को ही तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था कहा जाता था। परंतु, अब उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, ओड़िसा आदि राज्य भी विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं इनमे से कुछ राज्यों ने तो अपनी अर्थव्यवस्थाओं को 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बनाने की ओर अपने कदम बढ़ा दिये हैं। 19वीं शताब्दी यदि यूरोप की थी और 20वीं शताब्दी यदि अमेरिका की थी तो अब 21वीं शताब्दी भारत की होने जा रही है।

## नई पाठ्य पुस्तकें लागू करने के पहले विशेषज्ञ समूह समीक्षा करें- राज्य मंत्री

भोपाल । राज्य मंत्री स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा है कि एनसीईआरटी द्वारा कक्षा 1 एवं 2 के लिए निर्मित नवीन पाठ्य पुस्तकों को प्रदेश में लागू करने के लिए विषय-विशेषज्ञ का कार्यसमूह बनाकर समीक्षा करें। बच्चों को रटने के बजाय व्यवहारिक अनुभव कराने के लिए, शिक्षकों को प्रशिक्षित करें। पाठ्यक्रम में गाँव की विशेषताएँ शामिल हों और उन्हें गतिविधियों के रूप में जोड़ा जाए। हिंदी, संस्कृत एवं अन्य भाषाओं की पुस्तकें उसी भाषा के शब्दों में लिखी जाये, आवश्यकता अनुरूप प्रचलन के शब्दों को कोष्ठक में लिखा जाए। पाठ्यक्रम प्रदेश के अनुकूल हो, प्रदेश के नायकों, महापुरुषों, भौगोलिक दृष्टि, सामाजिक परिवेश आदि समस्त क्षेत्रों का सही संदर्भों में उल्लेख हो। उन्होंने गणित को व्यवहारिक उपयोग अनुरूप सिखाने के लिये कहा।

राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने यह निर्देश पाठ्य पुस्तक स्थायी समिति की बैठक में दिये। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पाठ्य पुस्तक निर्माण के पूर्व विभिन बिंदुओं पर व्यापक चर्चा हुई।

श्री परमार ने कहा कि महापुरूषों के प्रेरक प्रसंगों में भाव निहित हो, इसके लिए पाठ्य का सही संदर्भ में लेखन हो। महापुरुषों को ऐसा पढ़ाया जाए कि उनका चित्र स्वाभाविक रूप से मानस पटल पर दिखने लगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप माध्यमिक शिक्षा बच्चों के समग्र विकास के लिए परंपरागत कौशल विकास आधारित हो।

बैठक में पिछली बैठक के कार्यवृत का अनुमोदन भी हुआ। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या (एसई) 2023 के संदर्भ में आगामी रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। बैठक में पाठ्य पुस्तक स्थायी समिति के अध्यक्ष श्री प्रकाश वर्तुनिया एवं संचालक राज्य शिक्षा केंद्र श्री धनराजू एस सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## विद्यार्थी परिषद को अखिल भारतीय संगठन बनाने में मदन दास जी की अहम भूमिका

### विद्यार्थी परिषद को सुसंस्कृति छात्र संगठन बनाने स्व. मदनदास जी की अहम भूमिका-सुखाड़िया

भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सह सरकार्यवाह एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री मदनदास देवी जी के देवलोक गमन पर बुधवार को विद्यार्थी परिषद कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी सं या में विद्यार्थियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतन सुखाड़िया ने स्व. मदनदासजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 1970 तिरुवनंतपुरम के राष्ट्रीय अधिवेशन में स्व. मदनदास जी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में राष्ट्रीय संगठन मंत्री दायित्व मिला था तब से उन्होंने परिषद को नई दिशा व






ऊर्जा देने का काम किया है।देशभर में प्रवास के दौरान वह कार्यकर्ता विकास व कार्य को प्राथमिकता देते थे। कार्यकर्ता की चिंता, कार्यकर्ता का विकास एवं कार्यकर्ता के मन की बात, इस विषय में स्व. मदन दास जी खासतौर पर ध्यान दिया करते थे। छात्र संगठन को सुसंस्कृति छात्र आंदोलन बनाने में स्वर्गीय मदन दस जी की अहम भूमिका रही है। विद्यार्थी परिषद को अखिल भारतीय संगठन बनाने में मदन दास जी की अहम भूमिका रही।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद एवं संघ में ल बे समय तक उन्होंने प्रचारक भूमिका निभाई। मदनदासजी के रूप में ईश्वरीय कार्य में ल बा समय देने वाले व्यक्ति को हमने खोया है। परिषद एक विचार है, उस विचार को जिसने जीने का प्रयास किया, ऐसे स्व. मदन दास जी के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। विद्यार्थी कल्याण न्यास के सचिव उमेश शर्मा ने कहा कि व्यक्ति निष्ट ना होकर तत्वनिष्ट होने की सीख हमे स्व. मदनदास जी से मिली है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मदनदास जी एक विरासत छोड़ गए हैं। उन्होंने एक विचार को अपने अंदर आत्मसार करके समाज में कार्यक्रम किया है। उनके जीवन से हम सबको प्रेरणा लेना चाहिए।

प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि उनका देवलोक गमन परिषद के कार्यकर्ताओं के लिए ही नहीं एवं अन्य अनुसांगिक संगठनों के कार्यकर्ताओं के लिए भी बहुत बड़ी क्षति हुई है।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने भी श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर स्वर्गीय मदनदास देवी जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## थाने में घुस SI ने थानेदार के सीने में मारी गोली


भोपाल। मध्य प्रदेश रीवा के सिविल लाइन थाने में सब इंस्पे टर ने थाना प्रभारी को गोली मार दी. आरोपी सब इंस्पे टर ट्रांसफर की कार्रवाई से नाराज था. घायल थाना प्रभारी की हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है. एमपी के रीवा में थाने के अंदर हुए गोलीकांड की सनसनीखेज वारदात से पुलिस सिस्टम पर सवाल खड़े हो रहे हैं और सबसे हैरानी की बात तो ये है कि इस वारदात को किसी और ने नहीं बल्कि एक सब इंस्पेटर ने अंजाम दिया है.

सब इंस्पे टर ने थानेदार पर सरकारी पिस्टल से गोली दाग दी. सब इंस्पे टर बीआर सिंह ने थाना प्रभारी हितेंद्र नाथ शर्मा को उनके चेंबर में घुसकर गोली मार दी. गंभीर रूप से घायल थानेदार हितेंद्र नाथ को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. यहां भोपाल और जबलपुर से आई डॉ टरों की टीम उनका इलाज कर रही है.

## वन विहार में छात्र-छात्राओं की चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता

**अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस**

भोपाल । अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की वन्य-प्राणियों पर आधारित चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। चित्रकला प्रतियोगिता में 495 और भाषण प्रतियोगिता में 75 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



वन विहार में यह प्रतियोगिता वन्य-जीवन के प्रति, अपनत्व की भावना विकसित करने के साथ ही वन्य-प्राणियों के संरक्षण और संवर्धन में जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को बाघ दिवस के अवसर पर 27 जुलाई को पुरस्कृत किया जायेगा।

भाषण प्रतियोगिता में रिसोर्स पर्सन में सेवानिवृत्त श्री ए.के. खरे, उप वन संरक्षक, डॉ. एस.आर. बाघमारे, उप वन संरक्षक श्री पंकज सिंह, उप वन संरक्षक श्री विजय श्रीवास्तव और चित्रकला प्रतियोगिता में श्री नवीन कुमार चित्रकार, श्रीमती संतोष खरे, महाप्रबंधक ग्रॉफि स श्री हेमंत वायंगणकर प्रतियोगिता के निर्णायक रखे गये थे। रिसोर्स पर्सन ने छात्र-छात्राओं को वन्य-जीवन के बारे में जानकारी दी एवं छात्र-छात्राओं से सवाल भी पूछे।

कार्यक्रम में संचालक श्रीमती पद्मप्रिया बालकृष्णन, अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक संचालक श्री सुनील कुमार सिन्हा ने किया।

## भोपाल में मनाया गया सीआरपीएफ का 85वाँ स्थापना दिवस



भोपाल । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) ग्रुप केन्द्र भोपाल में सीआरपीएफ का 85वाँ दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। समारोह के मु य अतिथि श्री पवन कुमार शर्मा महानिरीक्षक मध्यप्रदेश से टर ने शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थापना दिवस पर खेलकूद, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, ऑर्ट एवं क्रॉ ट का पटीशन का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों और जवानों ने वृक्षारोपण भी किया। समारोह में मिठाई वितरित की गई। स्थापना दिवस समारोह में डीआईजी डॉ. संजय कुमार, डीआईजी श्री दीपक शर्मा, डीआईजी श्री अनुपम शर्मा, डीआईजी (चिकित्सा) डॉ. आर.के. मिश्रा तथा अन्य अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।

# हर खेत को सिंचाई का पानी और हर घर को नल से जल मिलेगा - मु यमंत्री चौहान

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में सिंचाई का रकबा लगातार बढ़ाया जा रहा है। विभिन्न सिंचाई योजनाओं के माध्यम से हर खेत तक पानी और जल-जीवन मिशन द्वारा हर घर में नल से जल पहुँचाया जाएगा। कटनी क्षेत्र के लिये 1011 करोड़ रूपये की बहोरीबंद उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना स्वीकृत हुई है। परियोजना से 80 हजार एकड़ में सिंचाई होगी और कटनी तहसील के 5, बहोरीबंद के 86 गाँव, रीठी के 17 और स्लीमनाबाद के 43 गाँवों को पानी मिलेगा। जल-जीवन मिशन से कटनी जिले में रीठी जनपद के 109 और कटनी जनपद के 50 ग्रामों सहित जिले के पठारी क्षेत्र के 159 गाँवों में अब आसानी से घर-घर नल से जल पहुँचेगा।

मु यमंत्री श्री चौहान आज कटनी जिले के बड़गाँव में विकास पर्व में विशाल जन-समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने क्षेत्र के 313 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने क्षेत्र के विकास के लिये कई घोषणाएँ कीं।



मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में बहनों के सशक्तिकरण के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में 45 लाख से अधिक लाड़ली लक्ष्मी हैं और लगभग 1.25 करोड़ लाड़ली बहनें हैं। अब 21 वर्ष की बहनों और ट्रे टर वाले 5 एकड़ से कम भूमि वाले परिवार की बहनों को भी लाड़ली बहना योजना की पात्रता है। पंचायतों एवं नगरीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण के कारण आज बहनें सरकार चला रही हैं। आज यहाँ मंच पर 23 वर्ष की सरपंच बिटिया और कटनी की महापौर बहन बैठी हैं। यह हमारे लिये गौरव की बात है। लाड़ली बहना योजना की राशि को धीरे-धीरे बढ़ा कर 3000 रूपये तक किया जाएगा। मु यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बहनों की इज्जत और मान-स मान का पूरा ध्यान रखा जाता है। दारू के अहाते बंद कर दिये गये हैं। बहनों के प्रति दुराचार करने वालों को फाँसी की सजा का प्रावधान है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हम सभी विशाल परिवार हैं। प्रदेश में सरकार नहीं परिवार चल रहा है। जिस प्रकार एक परिवार में हर सदस्य के हितों का पूरा ध्यान रखा जाता है, उसी प्रकार प्रदेश में भी हर व्यक्ति के कल्याण के कार्य किये जा रहे हैं। गरीब किसान भाइयों को वर्ष में मिलने वाली स मान निधि की राशि 12 हजार रूपये कर दी गई है। गरीब को प्रतिमाह 5 किलो निःशुल्क राशन दिया जा रहा है। आयुष्मान योजना में वर्ष में 5 लाख रूपये तक के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पुरानी सरकार ने जन-कल्याण की बहुत सी योजनाएँ बंद कर दीं। किसानों के साथ कर्ज माफी का झूठा वादा कर उन्हें डिफाल्टर बना दिया। हमारी सरकार ने किसानों का 2200 करोड़ रूपये का ब्याज भर कर उन्हें ऋण मुक्त किया है और शून्य प्रतिशत ब्याज पर उन्हें फसल ऋण दिया जा रहा है। पुरानी सरकार ने संबल और तीर्थ-यात्रा बंद कर दी तथा मु यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना की राशि नहीं दी। हमारी सरकार ने सभी योजनाएँ दोबारा चालू की। अब बुजुर्गों को हवाई जहाज से भी तीर्थ-दर्शन कराया जा रहा है।

मु यमंत्री ने कहा कि मैं बेटे-बेटियों की पढ़ाई में पैसों की बाधा नहीं आने दूँगा। बच्चों को किताब, गणवेश, सायकल, लेपटॉप और अब टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी भी दी जाएगी। मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की फीस भी सरकार भरवाएगी। प्रदेश में एक लाख पदों पर सरकारी भर्ती की जा रही है, स्व-रोजगार के लिये ऋण दिलाये जा रहे हैं और मु यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में प्रशिक्षण के साथ मानदेय भी दिया जा रहा है। हर हाथ को कार्य दिया जा रहा है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कन्या-पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पुष्पवर्षा कर बहनों का अभिनंदन किया। बहनों ने अपने लाड़ले मु यमंत्री भाई को राखी बांधी।

सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही हैं। सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देकर उनके जीवन-स्तर को बेहतर बनाना है। बहोरीबंद विधायक श्री प्रणय पांडे ने स्वागत उद्बोधन दिया।

प्रदेश के वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना एवं सां यकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, विधायक सर्वश्री संजय सत्येन्द्र पाठक, संदीप जायसवाल, श्री दीपक सोनी टण्डन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, कटनी महापौर प्रीति संजीव सूरी, जन-प्रतिनिधि और विशाल जन-समुदाय उपस्थित था।

# नेत्र संक्रमण (आई   लू) से बचाव के लिये रखें जरूरी सावधानियाँ

भोपाल। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा सभी मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को नेत्र संक्रमण (आई  लू) की रोकथाम के लिये जन-जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिये गये हैं। एनएचएम द्वारा जारी निर्देश में आमजन से आई  लू से बचाव के लिये जरूरी सावधानियाँ बरतने के लिये कहा गया है।

वर्तमान में आई  लू की शिकायतें मिल रही हैं। आई  लू की रोकथाम के लिये नागरिक जरूरी सावधानियाँ बरतें। अपनी आँखों को छूने से पहले हाथ आवश्यक रूप से धोएँ। संक्रमित व्यक्ति अपना टॉवेल, तकिया, आई ड्रॉप आदि उपयोग की गई वस्तुओं को घर के अन्य सदस्यों से अलग रखें। स्वीमिंग पूल और तालाबों के प्रयोग से बचें। आँखों के सौंदर्य प्रसाधनों का उपयोग नहीं करें। साफ हाथों से अपनी आँखों के आसपास किसी भी प्रकार के स्त्राव को दिन में कई बार साफ गीले कपड़े से धोएँ। यदि आँखों में लालिमा हो, तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से परामर्श लें। चिकित्सक के परामर्श के बिना किसी भी ड्रॉप का उपयोग नहीं करें।

# कांग्रेस पान प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

सिवनी यशोः- गुरूवार को इंदिरा भवन कार्यालय में जिला काँग्रेस में




जिला काँग्रेस पान प्रकोष्ठ सिवनी के अध्यक्ष मयूर चौरसिया के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में जिले की चारों विधानसभा में काँग्रेस की विजयी श्री सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अति आवश्यक सँगठनात्मनक बैठक का आयोजन जिला काँग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, कार्यवाहक अध्यक्ष सेवकराम चन्द्रवँशी, मोर्चा प्रकोष्ठ प्रभारी विष्णु करोसिया, राजेश मानाठाकुर, ऐश्वर्य सुमित मिश्रा, विजय गोलू चैरसिया, मीडिया प्रभारी गोपाल चैरसिया, गजेन्द्र चैरसिया, विपिन चैरसिया, आशीष चैरसिया, योगेन्द्र चैरसिया, नितिन चैरसिया, राम चैरसिया, गौरव चैरसिया, विकास चैरसिया, प्रतीक चैरसिया, आकाश चैरसिया, अर्पित चैरसिया सहित काँग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द उपार्जन की तारीख 7 अगस्त तक बढ़ी - कृषि मंत्री

## मु  यमंत्री चौहान के निर्णय पर आदेश जारी

भोपाल। किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा है कि मु  यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के हित में एक बार फिर समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द के उपार्जन की तारीख को 31 जुलाई से बढ़ा कर 7 अगस्त करने का निर्णय लिया है। श्री पटेल ने बताया कि मु  यमंत्री श्री चौहान के निर्णय के पालन में आज इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि एमएसपी पर उपार्जन के लिये किसान भाई 31 जुलाई 2023 तक स्लॉट बुक कर सकते हैं। मंत्री श्री पटेल ने मु  यमंत्री श्री चौहान का प्रदेश के किसानों की तरफ से आभार व्यक्त किया है।

# कांग्रेस की आदिवासी स्वाभियान यात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत



सिवनी यशोः- आदिवासी स्वाभिमान यात्रा, आदिवासियों के स्वाभिमान और पहचान की लड़ाई को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर म.प्र. आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष रामू तेकाम, मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, म.प्र.आदिवासी महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमति चंद्रावती सरवटे के नेतृत्व में दिनांक 19 जुलाई 2023 को सीधी जिले से प्रारंभ हुई आदिवासी स्वाभिमान यात्रा दिनांक 26 जुलाई 2023 को जिले की बरघाट विधानसभा पंहुची जहाँ यात्रा का स्वागत बरघाट विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने किया एवं अतिथियों तथा कांग्रेस जनों ने शहीद बिन्दु कुमरे जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी, तत्पश्चात यात्रा कुरई ब्लाक के सिमरिया गांव पंहुची जहाँ समाजिक बन्धुओं एवं पीड़ित परिवार से मुलाकात की एवं रात्रि विश्राम रात्रि विश्राम रिड्डी में किया।

यात्रा गुरूवार 27 जुलाई को ग्राम रिड्डी में बडे देव स्थल एवं बिरसा मुंडा जी का पूजा अर्चन कर यात्रा टुरिया ग्राम में स्थित शहीद स्मारक पंहुची वहाँ जंगल सत्याग्रह के शहीदो को नमन किया साथ ही कुरई में रानीदुर्गावती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा लखनादौन की ओर रवाना हुई, जहाँ लखनादौन नगर में पंहुचने पर विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा द्वारा उनका स्वागत किया गया एवं युवा कांग्रेस के तत्वाधान में रैली निकाली गई। लखनादौन में स्वाभिमान यात्रियों का स मान किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक द्वय अर्जुनसिंह काकोडिया, योगेन्द्रसिंहबाबा सहित जिला कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष सेवकराम चन्द्रवंशी, संभागीय प्रवक्ता गुंजन शु ला, महामंत्री अतुलचंद मालू, आईटी सेल के अध्यक्ष सुमित मिश्रा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गण मनोज राहंगडाले, तेजसिंह रघुवंशी, शिवनारायण सिंह उइके, प्रशांत यादव, युवा एवं एनएसयुआई कांग्रेस प्रभारी विपिन यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आनंद पंजवानी सहित सेवादल, महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल रहें।

# भारतीय स्टेट बैंक शाखा छपारा के द्वारा लगाया गया सांध्य शिविर




छपारा यशोः- नगर के आजीविका मिशन कार्यालय के सभाकक्ष में 27 जुलाई को देर शाम भारतीय स्टेट बैंक शाखा छपारा द्वारा सांध्य शिविर समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में एनआरएलएम विभाग से आए राजेंद्र शु ला, सुभाष साहू एवं भरत परमार एवं कृषि विभाग के ए.के धुर्वे पशु चिकित्सक एस.के गौतम मौजूद रहे कार्यक्रम में मु य अतिथि के रूप में एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक आरबीओ मंडला से राजेश कुमार एवं एसबीआई छपारा शाखा के प्रबंधक अरुण कुमार पांडे उपस्थित रहे.

इस सांध्य शिविर के माध्यम से कृषि एवं पशुपालन के द्वारा उन्नत कृषि की जानकारी तथा आजीविका मिशन के अधिकारियों के द्वारा स्व सहायता समूह की जानकारी प्रदान की गई. कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए एवं बैंक के विभिन्न प्रकार के ऋण योजनाओं को सरल तरीके से ग्राहकों को समझाया गया. एसबीआई छपारा शाखा के प्रबंधक अरुण कुमार पांडे द्वारा ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग, योनो एप एवं ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के तरीके की जानकारी प्रदाय की गई. कार्यक्रम संचालन के मु य भूमिका रविंद्र कुमार मेश्राम एवं अंकित शर्मा की रही शिविर आयोजन के पश्चात ग्राहकों द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के कार्यो की सराहना की गई एवं ग्राहकों द्वारा आयोजन हेतु धन्यवाद दिया गया. इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक छपारा शाखा के प्रबंधक अरुण कुमार पांडे ने कार्य दौरान सभी लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया उन्होंने कहा कि शासन की किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए आपके दस्तावेजों में आपका सरनेम और आपका पता जाति का उल्लेख स्पष्ट समझ आना चाहिए. हमारे सभी दस्तावेज और मु य तौर पर आधार कार्ड पूरी तरह अपडेट होना चाहिए जिससे आपको शासन की योजनाओं का लाभ मिल पाएगा साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अनजान व्यक्ति से अपने एटीएम कार्ड का पासवर्ड और अन्य जानकारियां कभी भी साझा ना करें।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत आवासों का गृह प्रवेश कार्यक्रम 01 अगस्त को

सिवनी यशोः- परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण सिवनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मु य आतिथ्य में कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय स मेलन केन्द्र भोपाल में 01 अगस्त 23 को अपरान्ह 3 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत आवासों का गृह प्रवेश एवं सिंगल ि लक के माध्यम से राशि वितरण का राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसका सीधा प्रसारण नगर पालिका परिषद मानस भवन सिवनी, नगर परिषद भवन बरघाट, नगर परिषद भवन लखनादौन, नगर परिषद भवन छपारा एवं नगर परिषद भवन केवलारी में किया जाएगा।

# जिला चिकित्सालय परिसर में की गई कार्यवाही




सिवनी यशोः- मु य चिकित्साल एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सिगरेट और अन्य त बाकू उत्पादक अधिनियम 2003 (कोटपा) पारित किया गया है। जिसके अंतर्गत 27 जुलाई को जिला स्तर पर गठित निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण दल के द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में त बााकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 4, का उल्लंघन करने पर 22 लोगों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाकर 1870/- रूपए जुर्माना वसूला गया तथा त बााकू उत्पादो का सेवन न करने एवं त बाकू से होने वलो दुष्प्रभावों के संबंध में समझाईश दी गई।

जिला निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण दल के द्वारा कोटपा अधिनियम 2003 (सिगरेट एवं अन्य त बाकू उत्पाद अधिनियम) के अंतर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में यहां-वहां गुटखा खाकर थूकने वाले एवं त बाकू, बीड़ी, सिगरेट का सेवन करने वाले लोगो पर कार्यवाही की गई तथा समझाईश भी दी गई। जिला नोडल अधिकारी श्रीमति शांति डहरवाल ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ कार्यवाही आगामी समय में भी जारी रहेगी।

जिला निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण दल में त बाकू नियंत्रण नोडल अधिकारी श्रीमति शांति डहरवाल,एएनएम कुसुम चंद्रवंशी, आरक्षक योगेश तुलसीकर सेवक पटले एवं अस्पताल के अन्य स्टॉफ के सहयोग से कार्यवाही की गई।

# अनुसूचित जाति/जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास हेतु 15 अगस्त तक करें आवेदन

सिवनी यशोः- सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अनुसूचित जाति / जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना अंतर्गत MPTAAS / NIC w.® Portal के माध्यम से छात्रवृत्ति के लिए पुनः पोर्टल खोला गया है। पात्र विद्यार्थी 15 अगस्त 2023 तक आवेदन पत्र कर सकते हैं।

# पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसं यक विद्यार्थी 31 जुलाई तक करें आवेदन

सिवनी यशोः- सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसं यक कल्याण विभाग सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि छात्र /छात्राओं हेतु वर्ष-2022-23 हेतु स्कॉलर पोर्टल पर नवीनीकरण आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 23 निर्धारित की गई है। संस्थाएं विद्यार्थियों के 2021-22 के प्रथम वर्ष के परिणाम को एमपी टॉस पोर्टल पर अपडेड करेंगे, उसके पश्चात विद्यार्थी अपने लॉगिन से द्वितीय वर्ष का आवेदन सबमिट कर सकते हैं। विद्यार्थी को पोर्टल पर कोई भी दस्तावेज अपलोड नहीं करना है।

# डाक घर में सुविधाजनक रूप से खोला जा सकता है बैंक खाता

**लाड़ली बहना ले सकती हैं लाभ**

सिवनी यशोः- अधीक्षक डाकघर बालाघाट संभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा महिलाओं के स मान एवं समृद्धि को ध्यान में रखते हुये एवं उन्हें सशक्त बनाने हेतु ''लाड़ली बहना योजना'' को प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रू. के हिसाब से 02 किश्तें खातों में आ भी चुकी है। भारतीय डाक विभाग के माध्यम से भी, उक्त योजना के अंतर्गत पात्र महिला लाभार्थियों के डाकघरों में POSB/IPPB खातें खुलवाकर किश्तों का भुगतान किया गया है। भारतीय डाक विभाग अंतर्गत इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से बिना किसी भौतिक दस्तावेज के कुछ ही मिनटों में IPPB खाता खोला जा सकता है, इस हेतु मात्र आधार नंबर एवं उससे लिंक मोबाईल नंबर की आवश्यकता होती है एवं खाता खुलते से ही डीबीटी भी किया जा सकता है। इस हेतु प्रत्येक डाकघर स्तर/ग्राम पंचायत स्तर पर कै प लगाकर लाड़ली बहनों के खाते खोलने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के ही माध्यम से मात्र रू. 396/399 की अल्प प्रीमियम राशि में रू. 10 लाख तक का दुर्घटना बीमा किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दुर्घटना मृत्यु लाभ, आंशिक या पूर्ण विकलांगता पर लाभ, ओपीडी या आईपीडी व्यय भुगतान, दैनिक नगद लाभ, बाल शिक्षा सहायता एवं अन्य लाभ शामिल है। महिलायें भारतीय डाक विभाग के माध्यम से अधिक से अधिक इस योजना का लाभ उठा सकती हैं

इसके अलावा हॉस्पिटल कैश प्रोडे ट योजना, जीवन बीमा योजना, टर्म प्लान, 2 अथवा 4 पहिया वाहन बीमा, दुर्घटना बीमा, साधारण बीमा, प्रीमियम खाता, बाल आधार, आधार अपडेशन एवं एईपीएस आदि योजना भी चलायी जा रही है। अधिक जानकारी हेतु नजदीकी डाकघर/ डाकिया/ आईपीपीबी ब्रांच में संपर्क किया जा सकता है।

# जी एस यू छपारा ब्लॉक अध्यक्ष की नई जि मेदारी - इंद्रेश सरवाती

## *महाविद्यालय समस्याओं का समाधान करेंगे - जी एस यू कॉलेज अध्यक्ष प्रमोद भलावी*



छपारा यशोः- सिवनी के ब्लॉक छपारा में छात्र संगठन जी एस यू को मिली नई मजबूती। नव नियुक्त जी एस यू ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश सरवाती और कॉलेज अध्यक्ष प्रमोद भलावी के रूप मैं। बड़े ही जोश जुनून के साथ छात्रों मैं दिखा शिक्षा को मजबूत करने का जज्बा जी एस यू छात्र संगठन काफी लंबे समय से प्रत्येक क्षेत्र में छात्र हित के साथ साथ समाज के सामाजिक मुद्दों को लेकर भी आगे की ओर अग्रसर है।

विगत कई वर्षो से शासकीय महाविद्यालय मैं समस्याओं से जूझ रहे हैं छात्र छात्राएं जिनके समाधान हेतु ना कोई संगठन , बोलता है ना निवेदन करता है और ना आवाज उठाता है। सिर्फ जी एस यू ही एक मात्र छात्र संगठन है जो प्रत्येक छात्र की समस्याओं को संगठन की समस्या समझकर उसके समाधान हेतु आगे आता है।

पूर्व वर्ष से लेकर वर्तमान वर्ष में चल रही समस्याएं और अनियमितताओं को लेकर जल्द ही जी एस यू के समस्त छात्र छात्राओं द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य से चर्चा की जाएगी। चर्चा करने के पश्चात भी यदि स्थिति वही रहेगी तो छात्र मजबूर होकर आवाज उठाएंगे।

गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन छपारा टीम जल्द ही अपनी कार्यकारणी को पूर्ण कर शिक्षा की ओर निःशुल्क कोचिंग के रूप में कदम बढ़ाएगी। जिससे कि आर्थिक स्थिति से कमजोर छात्र छात्राओं को मदद मिलेगी और वो अपनी पढ़ाई को अच्छे सुचारू रूप से संचालित कर पाएंगे।

साथ ही छपारा ब्लॉक को जि मेदारी के साथ पूर्व में पदस्थ रहे ब्लॉक पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष दुर्गेश उइके की उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी सिवनी मैं शामिल किया गया जिसमें महिला जिला उपाध्यक्ष के रूप में रोशनी धुर्वे, जिला सदस्य शिवशंकर बरकडे, दीनभगत भलावी को जिला कार्यकारिणी में शामिल किया गया। गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन राष्ट्रीय महासचिव दीपक सिंह उइके, प्रदेश सदस्य शिवदीन सल्लाम, जिला महासचिव नीलेश परते, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विजय भलावी, जिला प्रवक्ता रामकिशोर उइके, पूर्व जिला अध्यक्ष सतेंद्र मरकाम, अमरवाड़ा ब्लॉक प्रभारी अनुज उइके, सुरेश परते, धर्मेंद्र कुमरे और तमाम छात्र छत्राओं की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।

# 2 से 31 अगस्त तक प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ की उपलब्धता सुनिश्चित करें-मु  य निर्वाचन पदाधिकारी

### आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में कले  टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



भोपाल। आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में कले  टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन की उपस्थिति में आज समापन हुआ। इसमें प्रदेश के सभी 52 जिलों के कले  टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए।

कले  टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री राजन ने कहा कि प्रदेश में 2 अगस्त से द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य शुरू होगा। इस अवधि में 2 से 31 अगस्त तक प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर प्रत्येक कार्य दिवस में कार्यालयीन समय पर बीएलओ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। श्री राजन ने मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आए आवेदनों का तत्काल निराकरण करने और से  टर अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए।

**मतदान केंद्रों का करें भौतिक सत्यापन**

मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने अधिकारियों से कहा कि मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करें। वल्नरेबिलिटी मैपिंग, मतदान केंद्रों पर बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी, बिजली और शौचालय की सुविधा भी सुनिश्चित करायी। दो किमी से अधिक दूरी पर एक मतदान केन्द्र और एक मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक मतदाताओं की सं या न हो।

**3 से 10 अगस्त तक से  टर अधिकारी करेंगे मतदाता सूची का वाचन**

द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान 3 अगस्त से 10 अगस्त तक से  टर अधिकारी मतदाताओं और बीएलओ की उपस्थिति में मतदाता सूची का वाचन करेंगे। 5 जनवरी 2023 के बाद से जितने नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं, उसका भी से  टर अधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा। साथ ही एक घर में यदि 6 से अधिक मतदाता हैं तो उसका भी से  टर अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जाएगा।

**युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिये चलाएं विशेष अभियान**

युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए विद्यालय और महाविद्यालयों में विशेष अभियान चलाए जाएं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रचार प्रसार की गतिविधियों के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जाए। इसके साथ ही जिन क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की सं या कम है उन क्षेत्रों में विद्यालय, महाविद्यालय की छात्राओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की मदद लेकर सं या बढ़ाने के प्रयास किए जाए। समापन अवसर पर संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राकेश सिंह, उप मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश यादव उपस्थित थे।

## मलेरिया व डेंगू, चिकुनगुनिया से बचाव के लिए रखें सावधानियाँ

मंडला यशोः- जिला मलेरिया अधिकारी ने एडवाईजरी कर कहा है कि वर्षाकाल में मच्छरों की उत्पत्ति बढ़ जाता है एवं मच्छरजन्य परिस्थितियां निर्मित होती हैं जिससे मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया के प्रसार की भी संभावना होती है। इसलिए मलेरिया, डेंगू एवं चिकुनगुनिया से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां रखा जाना अत्यंत आवश्यक है।

कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। कपकपी के साथ तेज बुखार, सिर दर्द, उल्टी होना, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, रुक रुककर बुखार आना पसीना आकर बुखार उतरना, ठंड गर्मी या तपन का महसूस होना आदि मलेरिया के लक्षण हैं। बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में खून की जांच कराऐं एवं मलेरिया की पुष्टि होने पर पूर्ण उपचार लें।

पृष्ठ 01 का शेष समाचार

## राजा दलपत शाह की प्रतिमा ......

गया।

इस अवसर पर सर्वश्री मेहताब सिंह ठाकुर वरिष्ठ भाजपा नेता, ओम राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष चमारी, राजीव उइके भाजपा मंडल अध्यक्ष बीजादेवरी, नवनीत सिंह ठाकुर, रामदयाल ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष, शेख शहजादा कुरैशी विधायक प्रतिनिधि, पीतम सिंह इनवाती जनपद सदस्य, श्याममिलन पांडे, लियाकत अली खान, धीर सिंह भलावी, सत्येंद्र ठाकुर, राकेश ठाकुर, प्रदीप पटेल, राजू लोधी, राजपाल पटेल, चमरू भूरा टेकाम, केसरी इनवाती, संतोषी राजपूत, वीरेन सोनी, बालमुकुंद शो यवार, अ तर कुरैशी, काशी यादव, मगध अपाचे, रामगोपाल राधेलाल सरपंच, बाबा पंडा, हीरालाल गजाम, बेनी बागली, चंद्र कुमार धुर्वे, प्रीतम लाल सलाम सरपंच, नूर अहमद उपसरपंच, रानू देवीलाल चौकसे, प्रदीप चोकसे, सत्यम चौकसे, बीरन धुर्वे, निर्मल चौकसे , राजू धुर्वे, संत कुमार यादव सरपंच, सुन्नी टेकाम, मिश्री इनवाती, सुनील झारिया, शमीम अंसारी, श्याम ब्रहवंशी, सुरेन्द्र शेरु माल्या, अजय साहू जिला अध्यक्ष कृषक ओबीसी महासभा, नमन साहू , संजय जैन, राधेश्याम उर्फ मुकदर सोनी, रिंकू दुबे, नीरज महाराज, चैन सिंह उईके, राकेश भलावी, लेख सिंह धुर्वे, राकेश धुर्वे, श्याम धुर्वे, सुधु लाल इनवाती, धर्म सिंह इनवाती, लक्ष्मण इनवाती, रामकुमार धुर्वे सरपंच, अनिल इनवाती , सुकल सिंह इनवाती, पंचम सिंह इनवाती, मटरू इनवाती , गोलू टेकाम, केशव टेकाम, प्रमोद उर्फ छोटू धुर्वे , सकत लाल धुर्वे , पीएचई, जनपद पंचायत विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों सहित बडी सं या मे ग्रामीण बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

# जो वृद्ध दो कदम नहीं चल सकते, उन्हें ईकेवायसी, आधार अपडेट के लिए भटकना पड़ रहा

## *नगरपालिका द्वारा वार्डों में नहीं लगाए जा रहे के प*

मंडला यशोः- इन दिनों वृद्धावस्था पेंशन पाने वाले वृद्धजनों को नगरपालिका में जाकर जरूरी दस्तावेज जमा करना पड़ रहा है। कई वृद्धजनों ने बताया कि पोर्टल में जानकारी दर्ज कराने से पहले आधार अपडेट कराने, ई केवायसी कराने के लिए कहा जा रहा है, इस उम्र में शरीर साथ नहीं देता चलना-फिरना मुश्किल है तो ऐसे में ई-केवायसी, आधार अपडेट कराने कैसे अलग-अलग केन्द्रों में जाएं। नगरपालिका से मिली जानकारी अनुसार जिन वृद्धजनों को सरकार से हर महिने पेंशन मिल रही है उन्हें पोर्टल में अपनी जानकारी दर्ज कराने के लिए कहा गया है। यह काम नगरपालिका के टाउन हाल में किया जा रहा है यहां जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है उनके द्वारा वृद्धजनों को पूरी जानकारी नहीं दी जा रही है वहीं कुछ वृद्धजनों का कहना है कि नगरपालिका द्वारा यदि घर-घर जाकर पोर्टल में जानकारी दर्ज की जाती है या कम से कम वार्डों में के प लगाए जाएं तो वृद्धजनों को नगरपालिका तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जानकारी अनुसार 30 जुलाई तक यदि वृद्धजनों की जानकारी पोर्टल में दर्ज नहीं होती है तो अगले महीने से उन्हें पेंशन मिलने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**जानकारी के लिए भटक रही लाड़ली बहना**

वर्तमान में 21 से 23 साल तक की विवाहित महिलाओं से लाड़ली बहना योजना के तहत फार्म भरवाने की प्रक्रिया शुरू की गई है, नगरपालिका में भी फार्म भराए जा रहे हैं लेकिन इसमें भी लापरवाही दिखाई दे रही है, कई महिलाओं ने बताया कि जब वे नगरपालिका पहुंची तो उन्हें कोई कर्मचारी यह नहीं बता पा रहा था कि लाड़ली बहना के फार्म कहां जमा किए जाने हैं, काफी मशक्कत के बाद जब इसकी जानकारी हुई तो काउंटर से कर्मचारी ही नदारद मिले।

# कान्हा टायगर रिजर्व द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस का आयोजन





मंडला यशोः- अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर कान्हा टायगर रिजर्व द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस आयोजिन का आर भ दिनांक 28.07.2023 को प्रातः मण्डला स्थित नेहरू पार्क में पौधो का रोपण किया जाकर जन सामान्य को भी अधिक से अधिक पौधो का वृक्षारोपण कर पृथ्वी को हरा भरा रखने का संदेश दिया गया। इसके उपरांत श्री एस.के. सिंह, क्षेत्र संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली आरंभ किया गया। इस रैली में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और कान्हा टाईगर रिजर्व के अधिकारियोंध्कर्मचारियों की द्वारा नेहरू पार्क से बैगा चौराहा होते हुए कान्हा टाईगर रिजर्व के प्रांगण तक वन, वन्यप्राणी एवं बाघ संरक्षण से संबंधित नारो की त ितयों के साथ किया गया। कान्हा टाईगर रिजर्व के प्रांगण में बाघ एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण हेतु शपथ ग्रहण किया गया। एन.एस. यादव, उप संचालक, बफरजोन वनमण्डल द्वारा बाघ एवं वन्यप्राणियों के महत्व के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

इस आयोजन में एस.के. सिंह, भा.व.से., क्षेत्र संचालक, कान्हा टायगर रिजर्व, श्री एन.एस. यादव, उप संचालक, बफरजोन वनमण्डल मण्डला पुनीत गोयल, भा.व.से., उप संचालक, कोर वनमण्डल मंडला, श्रीमती प्रीता एस.एम., भा.व.से., वनमंडलाधिकारी, उत्पादन वनमंडल, मंडला पुलिस अधीक्षक, कमाण्डेंड 35 बटालियन, जिला मण्डला, राजेश क्षत्री, सेवानिवृत वरिष्ठ शिक्षक, स्कूली शिक्षकध्छात्रध्छात्राएँ एवं कान्हा टाईगर रिजर्व के अधिकारी-कर्मचारीगण भी उपस्थित रहें।

इस अवसर पर कान्हा प्रबंधन द्वारा चित्रकला एवं निबंध प्रतियोतिगता का आयोजन विभिन्न विद्यालयों में आयोजित किये जा रहे है। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं को दिनांक 29.07.2023 को एकलव्य विद्यालय, सेमरखापा में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र से स मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कान्हा प्रबंधन द्वारा चित्रकला एवं निबंध प्रतियोतिगता का आयोजन विभिन्न विद्यालयों में आयोजित किये जा रहे है। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले स्कूली छात्रध्छात्राओं को दिनांक 29.07.2023 को एकलव्य विद्यालय, सेमरखापा में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र से स मानित किया जावेगा।

## स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 2 अगस्त को

मंडला यशोः-उपजिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अे टूबर 2023 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के संबंध में आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार 2 अगस्त 2023 को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन किया जायेगा। 2 अगस्त 2023 को प्रातः 10:30 बजे से कले टर कार्यालय के गोलमेज सभाकक्ष में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में चर्चा के साथ-साथ मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रारूप निर्वाचक नामावली (फोटोयुक्त) की प्रति, फोटो रहित प्रारूप नामावली की सी.डी. के साथ ही युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही के फलस्वरूप नवीन मतदान केन्द्रों की अद्यतन सूची निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

## जिला चिकित्सालय में श्रवण बाधित दिव्यांग शिविर 31 को

मंडला। सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय मण्डला द्वारा बताया गया है कि 23 जुलाई को क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें जबलपुर के आदेश अनुसार डॉ. ज्योति शिल्पा नेल्सन, ईएनटी विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय जबलपुर को श्रवण बाधित दिव्यांगजनों की जांच एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र की कार्यवाही हेतु 31 जुलाई 2023 को जिला चिकित्सालय मण्डला में सेवायें देने हेतु आदेशित किया गया है। ईएनटी से संबंधी ऐसे दिव्यांगजन जिनके प्रमाण पत्र का नवीनीकरण किया जाना है अथवा नये प्रमाण पत्र बनना है, वे 31 जुलाई 2023 प्रातः 10 बजे जिला चिकित्सालय मण्डला में उपस्थित होवें ताकि उनकी ऑडियोमेट्री शीघ्र कराई जाकर दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किये जा सकें। इस संबंध में सभी दिव्यांगजन आवश्यक दस्तावेज यथा- आधार कार्ड, समग्र आई.डी., तीन फोटो, पुराना दिव्यांग प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो तो) आदि साथ में लेकर आवें।

## दस्तक अभियान:ग्राम ढुढवा में दी गई जानकारी

मंडला यशोः-ग्राम ढुढवा उप स्वास्थ्य केंद्र मगरदा सीएचसी बीजाडांडी में दस्तक अभियान अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए घोल के अन्नपूर्णन खुराक एवं 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन सीरप दी गई। इसके अलावा ओआरएस घोल बनाने की विधि, हाथ धुलने की विधि, कंजनाइटल कैटरे ट, सुनाई ना देना, जनसं या स्थिरीकरण, मिशन इंद्रधनुष के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। स्वास्थ्य अमले द्वारा नारे लेखन, घर-घर दस्तक एवं सभी स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बारे में समूह बैठक के माध्यम से भी जानकारी दी गई।

## मवई एवं नैनपुर क्षेत्र में हुआ वनाधिकार पट्टों का वितरण

**अब तक 935 पट्टों का वितरण**



मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना के निर्देशन में जिलेभर में वनाधिकार पट्टे वितरण का कार्य किया जा रहा है। गुरूवार को नैनपुर क्षेत्र में विधायक मंडला देवसिंह सैयाम की उपस्थिति में हितग्राहियों को वनाधिकार पट्टों का वितरण किया गया। इसी प्रकार मवई विकासखंड के ग्राम पंचायत भीमड़ोंगरी एवं सुरजपुरा में वनाधिकार पट्टों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित उपस्थित थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में लगातार वनाधिकार पट्टों का वितरण किया जा रहा है। पूर्व में 860 पट्टों का वितरण किया जा चुका है। द्वितीय चरण में 75 पट्टों का वितरण किया गया है। निवास अनुविभाग के अंतर्गत निवास विकासखंड में 1, नारायणगंज में 15 तथा बीजाडांडी में 38 पट्टों का वितरण किया गया। इसी प्रकार नैनपुर में 2, बिछिया में 2, मवई में 16 तथा घुघरी में 1 पट्टों का वितरण किया गया।

## मेडिकल टीम ने गुरारखेड़ा ग्राम में आयोजित किया स्वास्थ्य शिविर



मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि 26 जुलाई 2023 को ब हनी क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुरारखेड़ा में बीमार बच्चों की सूचना ग्रामवासियों द्वारा दी गई। सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब हनी की मेडिकल टीम ग्राम में पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांच व उपचार किया। जांच के दौरान पता चला कि स्कूली बच्चों को चक्कर आना, छाती में भारीपन लगना एवं गले में दर्द होना पाया गया। 6 स्कूली बच्चों को 108 ए बुलेंस वाहन से जिला चिकित्सालय मण्डला भेजा गया तथा जांच में पाया कि बच्चे पूर्णतः स्वस्थ हैं। साथ ही ग्राम का दौरा कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं शिविर में आए ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।

## औसत वर्षा की जानकारी

मंडला यशोः-जिले में इस वर्ष 1 जून से 28 जुलाई 2023 के दौरान 568.1 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 547.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 20.2 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जुलाई को बिछिया में 0.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 28 जुलाई 2023 को 0.1 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## स्वयं का रोजगार स्थापित करने ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत जिले में स्वरोजगार की संभावना एवं स्वयं का रोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से मण्डला के लिए 40 हितग्राहियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रबंधक खादी तथा ग्रामोद्योग ने बताया कि बोर्ड द्वारा विभिन्न रोजगारन्मुखी व्यवसायों जैसे- सिलाई, रेडीमेड गारमेंट, बेकरी, फूड प्रोसेसिंग, क प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, प्ल बर, दोनापत्तल, टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, मर मत, ट्रै टर रिपेयरिंग, मोबाईल रिपेयरिंग, ढाबा रेस्टोरेन्ट, राईस मिल, फोटोकॉपी, क प्यूटर ऑनलाईन सर्विस, आटाचक्की, तेल मिल, टेन्ट हाउस, फर्नीचर निर्माण, एवं रेपेरिंग, निर्माणकार्य से सर्बंधित आदि ट्रेडों में स्वयं का व्यवसाय किये जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रबंधक, खादी ग्रामोद्योग जिला पंचायत मण्डला मोबाईल न बर- 8959500194 एवं एस.एल. वरकडे मो. 9424361125 पर स पर्क कर सकते हैं।

## निर्वाचन हेतु विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त करने समीक्षा बैठक आज

मंडला यशोः- उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक मण्डला के माध्यम से आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रारंभिक रूप से कुल 1778 विशेष पुलिस (एसपीओ) की आवश्यकता होना प्रतिवेदित किया गया है। चुनाव के दौरान जिला पुलिस बल की कमी होने पर विभिन्न विभागों के वर्दीधारी कार्मिकों को विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त कर मतदान केन्द्रों पर तैनात किया जाता है। मु य निर्वा.पदा. मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार होमगार्ड, वनरक्षक, रेंजर, फॉरेस्टर, आबकारी निरीक्षक, कांस्टेबिल, मंडी निरीक्षक, उप निरीक्षक, कोटवार, एनसीसी, हेण्डप प मैकेनिक, गैंगमैन आदि को विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया जा सकता है।

जिले में विशेष पुलिस अधिकारी की नियुक्ति के लिए कार्मिकों की उपलब्धता के आंकलन हेतु कले टर द्वारा 29 जुलाई 2023 को अपरान्ह 3 बजे से जिला योजना भवन के सभाकक्ष में एक बैठक रखी गई है। जिला स्तरीय कार्यालय प्रमुख जिले में स्थित अपने सभी अधीनस्थ कार्यालयों की जानकारी सहित तथा सभी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अपने अनुविभाग की सभी तहसीलों के कोटवारों की सूची सहित बैठक में उपस्थित होंगे। सभी प्राचार्य बैठक में अपनी संस्था के एनसीसी केडिट्स की सूची लेकर आएंगे।

## यूविन पर दर्ज होगी टीकाकरण की जानकारी

### देश में कहीं भी करवा सकते हैं टीकाकरण, एसएमएस से मिलेगी जानकारी

मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि गर्भवती महिला एवं पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्ड बनाये जाते हैं लेकिन अब यूविन पोर्टल शुरू किया गया है। इसमें गर्भवती महिला एवं पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों का पंजीकरण किया जायेगा एवं आई.डी. जनरेट की जायेगी। अभी तक टीकाकरण के लिए कार्ड सुरक्षित रखना पड़ता था, तारीख भी याद रखनी होती थी। अब टीका लगाना होगा तो इसकी जानकारी, दिनांक सहित मोबाइल पर एसएमएस उपलब्ध होगी। इससे बच्चों एवं महिलाओं को टीकाकरण के लिए अस्पताल एवं आरोग्य केन्द्रों में तारीख लेने के लिए भी नहीं जाना पड़ेगा।

जिला टीकाकरण अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य कर्मियों/वै सीनेटर आई.डी. बनाई जा रही है, जल्द ही यह सुविधा उपलब्ध होगी। यूविन पोर्टल पर गर्भवती स्वयं भी पंजीकरण कर सकती हैं। कोरोनाकाल में टीकाकरण करने के लिए स्लॉट उपलब्ध होते थे, इसमें भी ऐसे ही स्लॉट उपलब्ध होंगे, जहां तीन माह की जानकारी उपलब्ध होगी। इसमें महिलाओं को पता चल सकता है कि कौन सा टीका लगाना बाकी है और कब स्वयं और बच्चे को लगवाना है।

**देश में कहीं भी करवा सकते हैं टीकाकरण**

इस संबंध में स्वास्थ्य केन्द्रों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रवासी महिलायें एक से दूसरे स्थान पर चली जाती हैं, तो कई बार लगने वाले टीके की जानकारी के अभाव में स्वयं एवं बच्चे का टीकाकरण नही करवा पाती हैं। इस स्थिति में टीकाकरण से छूट जाते थे। विभाग को भी खास दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अब यूविन पोर्टल पर पंजीकरण होने से महिलाएं देश के किसी भी कोने में टीकाकरण करवा सकती हैं।

## जिला स्तरीय पेसा प्रशिक्षण 3 अगस्त को

मंडला यशोः- मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार म.प्र. पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम 2022 के प्रचार-प्रसार हेतु परिषद् द्वारा मास्टर ट्रेनर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण विगत 28 से 30 जून 2023 को बैतूल में स पन्न कराया गया था। उसी अनुक्रम में अब जिला स्तरीय एक दिवसीय पेसा प्रशिक्षण 3 अगस्त 2023 को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रातः 9:30 बजे किया जाना है। प्रशिक्षण में प्रातः 9:30 बजे से 3 बजे तक पेसा से संबंधित प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा 3 बजे से किसी एक पंचायत में पेसा ग्रामसभा का आयोजन किया जायेगा। प्रशिक्षण हेतु विकासखण्ड समन्वयक जनअभियान परिषद, विकासखण्ड पेसा मोबेलाईजर, ग्रामीण विकास विभाग, नवांकुर समिति प्रस्फुटन समिति सीएमसीएलडीपी के 1-1 प्रतिनिधि तथा 2 समाजसेवी, कुल 8 प्रतिनिधियों को उक्त प्रशिक्षण में स मिलित होंगे। मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मण्डला किसी एक ग्राम पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन 3 बजे से कराना सुनिश्चित करेंगे। उक्त ग्रामसभा में ग्राम के समस्त मतदाता, पंचायत स्तरीय अधिकारी, प्रशिक्षण के सभी प्रतिभागी तथा राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## मलेरिया मास सर्वेलेंस कार्य व के प 31 जुलाई तक जारी रहेगा

**जिले में हुई अब तक 16985 लोगों की मलेरिया जांच**

मंडला यशोः- जिला मलेरिया अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय वे टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत प्रत्येक मलेरिया संभावित रोगियों की खोज, जांच एवं पूर्ण उपचार सुनिश्चित कराकर मलेरिया के संक्रमण को समाप्त कर मलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु मलेरिया मास सर्वेलेंस कार्य/के प आयोजित किया जा रहा है।

जिले के मलेरिया प्रभावित चयनित विकासखण्ड मण्डला के उप स्वास्थ्य केन्द्र बाजा के समस्त ग्राम, विकासखण्ड नैनपुर के उप स्वास्थ्य केन्द्र भड़िया के समस्त ग्राम, विकासखण्ड मोहगांव के उप स्वास्थ्य केन्द्र बड़झर एवं मचला के समस्त ग्राम, विकासखण्ड बिछिया के उप स्वाथ्य केन्द्र खटोला, औरई, खटिया, चरगांव, बटवार, कन्हारीकला, सूरपाठी के समस्त ग्राम एवं विकासखण्ड मवई के उप स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर के समस्त ग्रामों में 15 जुलाई 2023 से 31 जुलाई 2023 तक मलेरिया मास सर्वेलेंस कार्य/के प आयोजित किया किया जा रहा है जिसमें चयनित उपरोक्त उपस्वास्थ्य केन्द्र के समस्त ग्रामों के लोगों का मलेरिया जांच किया जा रहा है। 26 जुलाई 2023 तक मास सर्वेलेंस कार्य/के प में कुल 16985 लोगों की मलेरिया जांच की गई। जिले के 9 विकासखण्ड के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के साथ कुल 587 ग्रामों के 91110 घरों में लार्वा सर्वे किया गया एवं निर्धारित प्रोटोकाल अनुसार लार्वा विनिष्टीकरण किया गया।

मलेरिया रोकथाम के लिए सलाह

आमजन से यह अपेक्षा है कि मच्छरों की उत्पत्ति को रोकने हेतु भरे हुए पानी को हर 3-4 दिन में बदलना चाहिए। पानी संग्रहण करने वाली टंकी, बाल्टी एवं अन्य, पानी से भरे हुए बर्तन को ढक्कर रखना चाहिए। वॉशबेसिन, बाथरुम में पानी निकासी के स्थान में मच्छररोधी जाली लगवाना चाहिए एवं मच्छर की उत्पत्ति स्थल पर मिट्टी का तेल या जला हुआ ऑइल डालना चाहिए। यह आवश्यक है कि घरों के आस-पास सफाई रखें, अनावश्यक पानी जमा न होने दें। सोने के लिए हम मच्छरदानी का उपयोग करें, घरों में मच्छर निरोधक जालियों, मच्छर निरोधी क्रीम, कॉइल का उपयोग करें। अपने घरों में मच्छर निरोधक पौधे जैसे- लेमन ग्रास, लहसुन, लेवेंडर, गेंदा, तुलसी, सिट्रोनेला इत्यादि लगावें। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। अतः बुखार आने पर तुरंत खून की जांच कराएें और अगर जांच में मलेरिया पॉजिटिव निकलता है तो चिकित्सक/आशा/हेल्थ वर्कर द्वारा दिये गए पूर्ण उपचार लें।

# एक अगस्त से आंगनबाड़ी और स्कूलों में मध्यान्ह भोजन मिलने में हो सकती है परेशानी




**रसोइये कर रहे मानदेय वृद्धि और मध्यान्ह भोजन की राशि बढ़ाने की मांग**

**एक अगस्त से करेंगे हड़ताल**

मंडला यशोः- प्रांतीय महिला स्व-सहायता समूह महासंघ मध्यप्रदेश जिला इकाई द्वारा जिला पदाधिकारी एवं ब्लाक पदाधिकारी की बैठक रखी गई। जिसमें 1 अगस्त से से होने वाले प्रदेश व्यापी मध्यान्ह भोजन सांझा चूल्हा बंद किए जाने संबंधी आंदोलन के लिए सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिए गए। जिला मीडिया प्रभारी नाहिद तबस्सुम ने बताया कि प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ मध्य प्रदेश जिला इकाई द्वारा 20 जुलाई को मु यमंत्री के नाम कले टर को समूह की 12 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें प्राथमिक शाला के बच्चों के लिए प्रति छात्र 5.45 से बढ़कर 10 रुपए राशि करने तथा माध्यमिक शाला में 8.17 से बढ़कर 15 रुपए किए जान, रसोइयों का मानदेय 6000 प्रति माह किए जाने आदि मांगे रखी गई थी इसी के साथ ज्ञापन में यह भी कह दिया गया था कि यदि 1 अगस्त से पहले रसोईयों की मागें पूरी नहीं की गई तो 1 अगस्त से सभी रसाईये मध्यान्ह भोजन बनाने बंद करके हड़ताल में चले जाएंगे। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि आंगनबाड़ियों एवं स्कूलों में महिला स्व सहायता समूह द्वारा परोसा जाने वाला भोजन नाश्ता में दर बढ़ाने और समूहों की उचित मांगों को लेकर कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं लेकिन सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है इसलिए समूह 1 अगस्त से आंगनबाड़ियों में भोजन नाश्ता प्रदाय करना बंद कर देगा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297